02

आज समाज

04

www.aajsamaaj.com

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, गुरुवार, 30 जून 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1443, आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया, मूल्य, 2.00 रुपए

दो दिवसीय राष्ट्रीय महा सम्मेलन का समापन

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग एवं एसडीजी क्लब द्वारा आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अर्थशास्त्र विभाग एवं एसडीजी क्लब द्वारा आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 28-29 जून 22 का समापन बुधवार को को हुआ। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय सतत विकास लक्ष्य एवं उच्च शिक्षा संस्थान रहा। यह सम्मलेन उच्च शिक्षा निदेशक, हरियाणा द्वारा प्रायोजित था। सम्मेलन में कुल 174 प्रतिनिधियों ने पंजीकरण करवाया। उद्घाटन समारोह में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राज नेहरू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के भूतपूर्व डायरेक्टर केके चक्रवर्ती ने मुख्य भाषण दिया।

मुख्य अतिथि प्रो केपी सिंह द्वारा सूचना संचार प्रौद्योगिकी की भूमिका एवं मानवाधिकार भारत में महिला वर्कर का विमोचन करते हुए। **आज समाज**

सम्मेलन को कुल 6 तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया। जिसमें से 3 तकनीकी सत्रों का आयोजन प्रथम दिन 28 जून को हुआ। प्रथम दिन 5 आमंत्रित वार्ताएं हुई। सम्मेलन के दूसरे दिन 29 जून को शेष 3 तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। चौथे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. एसके चक्रवर्ती, भूतपूर्व प्रोफेसर, एनआईटी कुरुक्षेत्र ने की। डॉ सरिता सचदेवा, प्रोफेसर, एमआरआईआईआरएस फरीदाबाद ने मुख्य व्याख्यान दिया। इस सत्र के प्रतिवेदक चंद्र अत्री, सहायक प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग रहे। पांचवें तकनीकी सत्र की अध्यक्षता केआईआईटी भुवनेश्वर, ओडिशा के प्रोफेसर अजय कुमार मिश्रा ने की एवं प्रोफेसर विनोद कुमार गर्ग, केंद्रीय विश्वविद्यालय भटिंडा, पंजाब मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस सत्र की प्रतिवेदक डॉ रेखा सैन, सहायक प्रोफेसर, कॉमर्स विभाग रही। छठे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत ने की एवं डॉ एसके चक्रवर्ती ने मुख्य व्याख्यान दिया इस सत्र की प्रतिवेदक कॉमर्स विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. डिंपल रही।

प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया और कहा कि यह सम्मेलन एक बड़ी सफलता है और निश्चय ही हमारे छात्रों और प्रतिनिधियों को शोधकर्ताओं के संपर्क में आने के कारण समृद्ध महसूस हो रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता हैं व इसके संयोजक डॉ मनोज शुक्ला, सह-संयोजक डॉ.रामचंद्र व डॉ. रेखा सैन,आयोजन सचिव डॉ गीता गुप्ता हैं। कार्यक्रम में कमल टंडन, डॉ केएल कौशिक, डॉ नरेश कामरा, रविंद्र जैन, डॉ अशोक कुमार निराला, डॉ ऋतु,डॉ शोभना गोयल, डॉ सारिका, डॉ प्रवीण गुप्ता, डॉ शिल्पा गोयल, डॉ सचिन गर्ग, विनीत नागपाल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।